पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. –9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 297/2024

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 22.09.20243

हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु दिनांक- 23.09.2024 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाहियां की गयी है-

01.थाना मुबारकपुरः चोरी की घटना का अनावरण, चोरी के माल गेहू व रूपयों के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

पूर्व की घटना–

अवगत कराना है कि दिनांक 15.09.2024 को वादी मुकदमा अमन सिंह पुत्र दीनदयाल सिंह निवासी ग्राम अकरौड़ा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ द्वारा खुद के बहन के घर मे ड्रम मे रखा हुआ गेहूँ व एक अदद स्टैण्ड फैन को अज्ञात चोर द्वारा चौरी किये जाने की सम्बन्ध मे तहरीर दी गयी जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 368/2024 धारा 305 भारतीय न्याय संहिता 2023 बनाम अज्ञात चोरी पंजीकृत किया गया है। जिसकी विवेचना चौकी प्रभारी बनकट उ0नि0 धर्मराज यादव द्वारा की जा रही है।

गिरफ्तारी का विवरणः-

दिनांक 23.09.2024 को प्रभारी निरीक्षक निहार नन्दन कुमार के निर्देशन मे उ0नि0 धर्मराज यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1. कमलेश कुमार पुत्र स्व0 झीनक राम ग्राम नूरपुर सरायहाजी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ 2. सूरज राजभर पुत्र रमेश राजभर ग्राम चकिया थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ को चोरी गये 21 किग्रा गेंहू व 800/- रूपये नकद के साथ नैठी मोड़ थाना मुबारकपुर से समय करीब 09.55 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

02.थाना बिलरियागंजः किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अवगत कराना है कि दिनांक 22.09.2024 वादिनी मुकदमा थाना बिलरियागंज ने थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी कि विपक्षी रेब पुत्र मुमताज सा0 करमैनी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ द्वारा वादिनी की नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया, के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 327/24 धारा 65(2) बी.एन.एस .व धारा 5(M)/6 पाक्सो एक्ट . बनाम लारेब पुत्र मुमताज सा0 करमैनी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ पंजीकृत किया गया। जिसमे नामित अभियुक्त लारेब उपरोक्त को आज दिनांक 23.09.2024 को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी का विवरणः-

आज दिनांक 23.09.2024 को थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लारेब पुत्र ममुताज निवासी करमैनी थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ को करमैनी की तरफ से भीमबर के पास से समय करीब 06.10 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। अन्य वैधानिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है।